भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली: 22 मार्च 2022

टॉप्स एथलीट पहलवान बजरंग, पैरालिंपियन अमित सरोहा को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई

नई दिल्ली: खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (मि०ओ०से०) ने टोक्यो ओलंपियन कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया को ईरान में आयोजित 18 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए 6.16 लाख रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है। बजरंग के साथ उनके प्रशिक्षक सुजीत मान भी थे।

वह अब 24 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी के केडी जाधव कुश्ती इंडोर स्टेडियम में चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हैं। बजरंग, जो 65 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे, भारतीय सीनियर फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती टीमों के लिए अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं, जो इस 24 अप्रैल को मंगोलिया के उलानबटार में होने वाली आगामी सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

उनकी नजर इस अगस्त में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और इस सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स पर भी है। बजरंग ने कहा "पेरिस तक जो भी टूर्नामेंट आएगा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने जा रहा हूं और मेरा लक्ष्य पेरिस 2024 में अपने पदक का रंग बदलना है,"।

इसी तरह, लखनऊ में भाखेप्रा प्रशिक्षण केंद्र भी इस अप्रैल में मंगोलिया प्रतियोगिता के लिए टीम के चयन पर 25 मार्च को भारतीय सीनियर महिला कुश्ती टीमों के लिए चयन ट्रायल आयोजित करेगा।

मि०ओ०से० ने इस बीच पैरा एथलीट (क्लब थ्रो एफ51) अमित सरोहा के लिए लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत मार्च 2022 से पैरा एशियाई खेलों के लिए अपने व्यक्तिगत फिजियोथेरेपिस्ट अंकित रहोदिया की फीस के लिए 2.45 लाख रुपये की वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी है। 2022.

अमित अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। बजरंग और वह दोनों ही टॉप्स कोर टीम का हिस्सा हैं।

ईओएम